भारत में *ऐगर* और *अल्गिनेट* निर्माण करनेवाले 60 से अधिक उद्योग हैं और आजकल कई उभर आ रहे है। आज समुद्री शैवालों का उपयोग ऐगर और अल्गिनेट के निर्माण केलिए ही होता है । खाद्य के रूप में इसका उपयोग बहुत कम है । समुद्री शैवाल जैसे *ग्रासिलेरिया इड्युलिस, जेलीडियेल्ला एकेरोसा, ग्रासिलेरिया क्रास्सा* और *जी. फोलिफेरा* का विदोहन ऐगर निर्माण केलिए और *सरगासम* और *टरबिनेरिया* की जाति का विदोहन *ऐल्जिन* निचोडने केलिए होता है । अज्ञान के कारण लगभग 70% खाद्य योग्य और अन्य समुद्री शैवाल अविदोहित रहते है। यह लेख समुद्री शैवालों के विभिन्न उपयोगों पर प्रकाश डालने केलिए तैयार किया गया है ।

फाइको कॉलोइड्स के रूप में समुद्री शैवाल

1. ऐगर

ऐगर कुछ लाल शैवालों के कोश भित्ति के मुख्य संघटक है । ऐगार-ऐगार *यूकीमा* नामक शैवाल से निकाले जानेवाले एक जेली केलिए प्रयुक्त मलय शब्द है, जिसे अब *कैराग्नीनन* कहते है । 'ऐगर' शब्द का प्रयोग आज उस *शैवाल* गैलेक्टेन्स केलिए होता है जिसमें ऐगेरोस होता है ।

श्रोत: ऐगर उत्पादन के कच्चे माल हैं *जेलीडियेल्ला*

ऐकेरोसा, ग्रासिलेरिया इडुलिस, जी. वेरुकोसा जैसे लाल शैवाल और *जेलीडियम*, टीरोक्लाडिया और *एनफेलीशिया* जाति के शैवालें ।

निचोडने की रीति

सूखे कच्चे मालों को शुद्ध करके ताज़े जल में डुबोकर आतपित करते है । शैवालें विरंजित होने तक यह प्रक्रिया जारी करती है । इसके बाद 3 से 4 घंटों तक समुद्री शैवाल को उबालते है । उबाले गये गाढ़ा द्रव पदार्थ को दाब निस्यंदक (फिल्टर प्रेस) के ज़रिये निस्यंदित करते है । यह निस्यंद (फिलटरेट) सामान्य ताप में जेली बन जाता है । ऐसे ऊर्णित जेली को बार बार प्रशीतित करने और गलाने से जेली और भी शुद्ध हो जाता है । इसे फिर आतपित करके ऐगर स्ट्रिप लेते है । इन ऐगर स्ट्रिपों को चूर्णित करके विपणन किया जा सकता है । उबालने के पहले सोडियम हाड्रोक्साइड से एलक्लाइन ट्रीटमेन्ट करने से बढती मुनाफा होगी ।

उपयोग :

पनीर बनाने और सालाड संसाधन में जेलिंग और प्रगाढक के रूप में ऐगर का उपयोग किया जाता है । मछली और मांस के डिब्बाबंद उत्पादों के संसाधन में धातुनिर्मित डिब्बा के रक्षी कवच के रूप में और परिवहन के दौरान कंपन से बचाने केलिए भी इसका उपयोग किया जाता है ।

सुराओं में स्वच्छन कर्मक के रूप में, औषध निर्माण में दीर्घकाली कोष्ठबद्धता केलिए लैक्सेटिव के रूप में और बैक्टीरियल और कवकी संवर्धों के आधार के रूप में इसका उपयोग किया जाता है । ऐगर एक आयन विनियमक है और आयन विनिमय रेसिन उद्योग में इसका उपयोग किया जाता है । चर्म लेप और मरहम के संघटक के रूप में भी इसका उपयोग होता है । कागज़ और कपडे उद्योगों में भी ऐगर का उपयोग किया जाता है ।

2. ऐल्जिनिक अम्ल

ऐल्जिन या ऐल्जिनिक अम्ल सभी ऐल्जिनेटों का प्रमुख संघटक और एक अच्छा झिल्ली श्लैष्मक है । ऐल्जिनिक अम्ल के विभिन्न लवणों को 'ऐल्जिनेट' कहते है । सभी ऐल्जिनिक अम्लों केलिए 'ऐल्जिनेट' शब्द का प्रयोग करता है और यह सोडियम ऐल्जिनेट का व्यापारिक नाम भी है । ऐल्जिनिक अम्ल और इसके लवण द्विसंयोजक और त्रिसंयोजक धातु अयन के साथ जल में अविलेय है, जबकि क्षार धातु लवण जल में विलेय होते है ।

श्रोत:

शीतोष्ण क्षेत्र से प्राप्त भूरा समुद्री शैवाल जाति *एक्लोनिया, माक्रोसिस्टिस, अन्डेरिया, लामिनेरिया* और *डरविल्लिया* से और उष्णकटिबंधी क्षेत्र से मिलनेवाले *टरबिनेरिया सरगासम, साइटोसिरिया* और *हामोफाइसा* से एल्जिनिक अम्ल तैयार किया जाता है ।

निचोड

भूरे समुद्री शैवालों से एल्जिनिक अम्ल या सोडियम एल्जिनेट अलग करने केलिए तनु सोडियम कारबनेट लायनी जोडता है ।

10 ग्रा समुद्री शैवाल को छोटे छोटे टुकडों में काट करके गरम आसूत जल (60°C, 300 मि लि) में 2 घंटों तक डालते है । इसके बाद गरम जल से निस्तारण के जरिए समुद्री शैवाल अलग करते है । समांगीकरण (होमोजेनेसेशन) के बाद समुद्री शैवालों को 200 मि लि सोडियम कारबनेट जोडकर 2 घंटों तक गरम करते है। इसके बाद 500 मि लि पानी जोडकर अच्छी तरह मिश्रित करते है । इस गरम लायनी निस्यंदित करके 10% एच सी एल (P^H 1.0) अम्ल जोडने से एक जिलेटिनीकृत अवक्षेपण मिलता है । इस जेल में 2.50% मेथनेल के 500 मि ली जोडते है और मिश्रण को 10% NaOH जोडकर उदासीन करते है । एक रात इसी प्रकार रखकर इस मिश्रण का निस्यंदन करके उदासीन जेल अलग करते है । इसप्रकार प्राप्त जेल को क्रमशः 60% और 95% ऐलकोहोल या एसेटोन से साफ करते है और 40°C में 12 घंटों तक सुखाते है । कैलशियम एल्जिनेट और सोडियम एल्जिनेट के बाँछित pH मिलने केलिए कैलशियम और सोडियम के कारबनेट लवण जोडते है ।

उद्योगों में एक टुकडे के केल्प (ताज़े या सूखे) के साथ 0.8-1% कैलशियम क्लोराइडु लायनी जोडते है और लामिनारन, मानिट्रोल और अन्य लवणों को दूर करने केलिए मृदु जल से साफ करते है । इसके बाद 5% हाइड्रजन क्लोराइड जोडकर अधिकतम मृदु जल से साफ करके 4% सोडियम कारबनेट लायनी जोडते है । 4 घंटों तक 40-50°C में निक्षालन जारी करता है और साथ साथ पैस्ट बनने तक केल्प को मसृण करते है ।

इस पैस्ट में 3:7 की दर में पानी जोडकर हल्का करके प्रखर वातायन करते है । इसके बाद इस द्रव को एक सेन्ट्रिफ्यूज से बहुत तेज़ बहाकर एक क्लारिफाइंग टैक्टा में संग्रहित करता है । 6-10 घटों के बाद सेल्लुलोस पदार्थ एकत्र होकर एक प्लवमान केक बन जाता है और द्रव अपवाह किया जाता है । इस रंगीन द्रव को हाइड्रेटड अलूमिना, जेलेटिनस सिलिका और अलूमिनियम एल्जिनेट से तैयार किये गये अधिशोषी झिल्लि जोडकर रंगहीन बानाते है । सेन्ट्रिफ्रयूगेशन के ज़रिए झिल्ली अलग करती है । इस साफ द्रव को एक मिश्रण बाधिका से बहलाती है जहाँ यह द्रव सशक्त हाड्ड्रोजन क्लोराइड से मिलता है और अवक्षेप टैंक में जाता है । लायनी का pH 1.5-2.0 में स्थिर रखता है । इस प्रकार अवक्षेपित ऐल्जिनिक उम्ल को बास्केटों में डालकर जल निकास करते है और एल्कोहोल से साफ करके सुखाते है ।

उपयोग :

औषध निर्माण उद्योग में. पायसीकारक के रूप में, टिकियाओं में पूरक के रूप में, मरहमों में आधार के रूप में ऐल्जिनिक अम्लों का उपयोग किया जाता है ।

रुधिर रोधी प्लास्टर, स्लिमिंग एजेन्ट, सूक्ष्मजीवी फिल्टरों में इसका उपयोग होता है ।

प्रसाधन सा अपमार्जक और साबुन निर्माण उद्योगों में ऐल्जिनिक अम्ल का उपयोग किया जाता है ।

खाद्य प्रौद्योगिकी में एल्जिनेटों का महत्वपूर्ण स्थान है । सुरा, बेकरी मिठाई आदि के निर्माण में इसका उपयोग किया जाता है । मछली मांस और पोल्ट्री/उत्पादों के अति हिमयीकरण (डीप-फ्रीजिंग) केलिए भी ऐल्जिनिकी जेल का उपयोग किया जाता है ।

सेरामिक और लेथर उद्योगों में भी ऐल्जिनेटों का प्रयोग किया जाता है । वस्त्र उद्योग में प्रिन्टिंग और पेइन्टिंग के काम में ऐल्जिनेटों का उपयोग किया जाता है ।

3. कैराग्नीन

कैराग्नीन एक सल्फेट्ड गैलाक्टन पॉलिमर है जो *गैगारटिनेशिये सोलियेरिसिये*, और हाइपनीसिंग कुटुम्ब के लाल समुद्री शैवालों से लिया जाता है ।

कैराग्नीन, ऐगर से इसलिए भिन्न है कि इसमें उच्च सल्फेट्ड फ्राक्शन और उच्च भस्म अंश है ।

श्रोत :

कोन्ड्स क्रिस्पस, गैगारटीना स्टेल्लेटा, इरीडिया जाति, *यूकीमा अलवरेज़ी, काप्पाफाइकस* जाति और *हाइपनीसिए* जाती से कैराग्नीन प्राप्त होता है ।

निचोड : 10 ग्रा समुद्री शैवाल को कुचलकर 4 घंटों तक 90°C में 750 मि लि जल और 2 ग्रा CaO मिलाकर पकाते है । इस गरम निचोड को 8000 आर पी एम में 5 मिनट केलिए सेन्ट्रिफ्यूज करते है । अधिप्लवी द्रव एकत्र करते है । निचोड के pH को 8-8.5 के बीच रखकर मृदु क्षार लायनी जोडती है । क्षार अधिप्लवी के साथ एथनॉल या आइसोप्रापाइल एल्काहॉल जोडते है । 5 से 8 मिनट केलिए 5000 आर पी एम पर निस्यंदन या सेन्ट्रिफ्यूगेशन के जरिए कोयागुला माने जमाव का संग्रहण करते है और 50-60°C में सुखाते है । सूखे कोयागुला पीसने पर कैराग्नीन चूर्ण प्राप्त होता है ।

उपयोग :

खाद्य उद्योग में विविध प्रकार के सिरप, क्रीम, चीस आदि की तैयारी में इसका उपयोग किया जाता है । बियर, ज्यूस और सुराओं में स्वच्छनकारी के रूप में भी इसका उपयोग किया जाता है ।

औषध निर्माण उद्योग में पायसीकारक के रूप में और गुटिका, सिरपों आदि के बन्धन कारक के रूप में इसका उपयोग किया जाता है । अलसेर थेरापी और ब्लेड वेसल्स के रोगों के लिए भी इसका अधिकतर उपयोग

किया जाता है । टूथ पेस्ट, त्वचा मरहम आदि में भी इसका उपयोग किया जाता है । वस्त्र उद्योग में डिसाइन, प्रिन्टिंग्र, डाइ आदि कार्यो में इसका उपयोग किया जाता है ।

खाद्य के रूप में समुद्री शैवाल

समुद्री शैवाल प्रोटिन, वैटमिन्स, अमिनोएसिड्स, ग्रोथ होर्मोन्स, और मिनेरल से संपुष्ट है । अयोडिन संपुष्ट *आस्परागोप्सिस, टाक्सिफेरमा, सोरकोनिमका* समुद्री शैवालों से हाइपोथैरोडिस (गोइट्र) रोग का नियन्त्रण करते है । जापान में *नोरी,* कोंबु और *वाक्मे* नामों में वर्ष में 1,00,000 टन समुद्री शैवाल खाया जाता है ।

1. नोरी :

पोरफाइरा से संसाधन के बाद प्राप्त विभिन्न खाध उत्पादों को *नोरी कहते है । सूप, सॉस और ब्रोथ में सुरुचि कर्मक के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।*

2. कोम्बु

कोम्बु लामिनोरिया से तैयार किया जाता है । सूपस्टोक, उबाले तरकारी स्नाक या डिश में इसका उपयोग किया जाता है ।

3. वाक्मे

भूरा समुद्री शैवाल *अन्डेरिया पिन्नाटिफिश* से इसकी तैयारी की जाती है ।

4. सैलेड

सैलेड की तैयारी केलिए *कॉलेरपा रेय्समोस, कॉलेरपा सेरटुलारियोड्स, कॉडियम जाति, ग्रासिलेरिया कनफेरवेईड्स, ग्रासिलेरिया यूकिमोइड्स, हाइड्रोक्लाथरस क्लाथ्रटिस, लॉरेनशिया पापिलोस* और *पोरफाइरा* जाति के शैवालों का उपयोग किया जाता है ।

समुद्री शैवाल *उलवा लाक्टुका* से समुद्री शैवाल मसाला और जाम और *ग्रासिलेरिया इडुलिया* से पिकिल, वेफर, पोरिड्ज, जेल्ली आदि तैयार किया जा सकता है जिसके नुस्खा संस्थान में उपलब्ध है ।

औषध और रसायनिकों के रूप में समुद्री शैवाल

टेरपीन्स, ऐलकोइड्स, फाट्टी अम्ल और नाइट्रोजेनस कोंपाउन्डों के 6000 से अधिक सेकन्डरी मेटाबोलाइट्स समुद्री शैवाल से वियुक्त किया गया है । इनमें कइ चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है ।

मानिटोल

भूरे शैवाल में दिखाये पडनेवाला यह एक महत्वपूर्ण शर्करा ऐल्काहॉल है ।

श्रोत :

फ्यूकस विसिकुलस, लामिनेरिया हाइपेरबोरिया, इक्लोनिया रेडियाटा, बाइफरकारिया ब्रास्सिफोरमिस, सरगासम जाति *टरबिनेरिया* जाति आदि से मानिटोल लिया जाता है।

उपयोग :

गुटिकाओं के निर्माण में मानिटोल का उपयोग किया जाता है । डयाबेटिक खाद्य और चूयिंगगम बनाने केलिए भी इसका उपयोग किया जाता है । पेन्ट और वार्निश उद्योग, लेथर और पेपर उद्योग में धूलन चूर्ण के रूप में इसका उपयोग किया जाता है । विस्फोटकों के निर्माण में भी इसका उपयोग किया जाता है । प्लास्टिक उत्पादन में रेसिनों के उत्पादन केलिए प्लास्टिसाइजेर्स के रूप में मानिटोल का उपयोग किया जाता है ।

उर्वरक के रूप में समुद्री शैवाल

समुद्री शैवालों में माक्रों और माक्रों न्यूटियेन्ट्रस से अतिरिक्त ऑक्सिन्स, साइटोकिनिन्स आदि होर्मोन्स जो पेड पौधों की बढती केलिए सहायक है, निहित है । इसलिए उर्वरक के रूप में इसका .उपयोग किया जाता है । गोबर के साथ समुद्री शैवाल कम्पोस्ट बैंगन, टैपियोका आदि की बढती केलिए अच्छा उर्वरक है । आज द्रव के रूप में भी (लिक्विड समुद्री शैवाल फेरटिलाइज़र) यह बाज़ारों में उपलब्ध है ।

उर्वरक के रूप में समुद्री शैवाल

समुद्री शैवालों में माक्रों और माक्रों न्यूटियेन्ट्रस से अतिरिक्त ऑक्सिन्स, साइटोकिनिन्स आदि होर्मोन्स जो पेड पौधों की बढती केलिए सहायक है, निहित है । इसलिए उर्वरक के रूप में इसका उपयोग किया जाता है । गोबर के साथ समुद्री शैवाल कम्पोस्ट बैंगन, टैपियोका आदि की बढती केलिए अच्छा उर्वरक है । आज द्रव के रूप

में भी (लिक्विड समुद्री शैवाल फेरटिलाइज़र) यह बाज़ारों में उपलब्ध है ।

जन्तु खाद्य के रूप में समुद्री शैवाल

ऐगर निकालने केलिए उबाले गये निचोड का निस्यंदन करने पर प्राप्त पदार्थ में कोलोइड्स, कारबोहाइड्रेट्स, प्रोटिन, वैटमिन्स और मिनेरेल्स की अच्छी मात्रा होती है । इसका कुकुट फार्म, मछली फार्म, आदि में जन्तु खाद्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

873 भारत की सर्पमीन मात्स्यिकी

एन. जी. मेनोन, के. बालचन्द्रन और के. एम. स्करिया

केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचिन 682 014, भारत

आमुख

भारत के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व तटों के परंपरागत मत्स्यन तलों से सर्पमीनों की विपणन योग्य जाति पकडी जाती है और ये अधिकतः उप-पकड के रूप में प्राप्त होती है । यूनान, रोम, जर्मनी, जापान और कई एशियाई और यूरोपियन लोगों के सर्पमीन मन पंसद खाद्य है जब कि भारत में यह गरीबों का खाद्य है । लेकिन उनकी निर्यात माँग उपलब्ध तलों से इसे विदोहन करने के अतिरिक्त इसके पालन और जीवित अवस्था में परिवहन करने केलिए भी प्रेरणा देती है ।

सर्पमीन लंबी और साँप की जैसी होती है । ये तल छट में बिलों में रहते है । लेकिन कुछ खुले समुद्र के वेलापवर्ती क्षेत्रों में भी जाते है । अच्छे तैराक होने पर भी अधिकतर सर्पमीन स्थानबद्ध रहते है और ये अच्छे घ्राण शक्ति के होते है । ये मुख्यतया कवच प्राणि और छोटी मछलियों को खाते है और इनके दाँत इसकेलिए अनुकूल भी है । अधिकतर सर्पमीन उष्णजलीय निवासी होते है और प्रवाल भित्तियों में प्रचुर मात्रा में दिखाये पडते है । अलवणजलीय जाति सहित सभी सर्पमीन खुले समुद्र में प्रजनन करते है और जीवन का प्रारंभ काल वेलापवर्ती क्षेत्र में बिताते है । इनके डिम्भक देखने में प्रौढों से भिन्न होते है । डिम्भक प्रौढ होने के पहले एलवर बन जाते है । ये अरब समुद्र में 1000 मी गहराई के क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है । भारतीय समुद्रों से इसकी छः कुटुम्बों की 18 जातियों की उपस्थिति रिपोर्ट की गई हैं ।

स्थानीय नाम

गुजरात और महाराष्ट्र में सर्पमीन 'वाम' नाम से जाना जाता है । तमिलनाडु में इसे *बिलंगु, कुलिवि पाम्बु* या *कडल* पाम्बु; आन्ध्रप्रदेश में *नल्लापाम्बु, टालबॉन, टेल्लापामु, पासुपु पामु;* उडीसा में *दान्तिया सापु, लहनटारा, पान्टिसापा शता हाली* और पश्चिम बंगाल में *समूद्बेरा बेरुआ, बाम* और *सोना बाम* नाम से जाना जाता है।

संक्षिप्त जैविकी और पारिस्थितिकी

1. ऐंगुल्लिडे अलवणीय जल के सर्पमीन

ये रात में अपना खाद्य ढूँढते है और तलीय अकशेरुकियों को खाते है । खुले समुद्र में प्रजनन करते है और इसके डिम्भबकों को (लेप्टोसेफालाइ) प्रवाह तट की ओर ले जाते है, वहाँ ये एलवर अवस्था प्राप्त करके नदियों में जाते है । *ऐंगुल्ला बंगालेनासिस बंगालेनसिस* 120 से मी तक बढते है और *ऐगुल्ला बाइकोलर बाइकोलर* 80 से मी तक बढते है। ये दोनों भारत की ऐंगुल्लिडे जाति के है ।

2. कोनग्रिडेः कोनगर सर्पमीन

भारत में उपलब्ध इसकी एकमात्र जाति है *यूरोकोनगर लेप्टूरस* जो 40 से मी तक बढती है ।

3. मुरेइनसोइडेः पैक कोनगेर्स

पैक कोनगेर्स को तटीय उष्णकटिबंधीय जल क्षेत्र से गभीर समुद्र के मृदु तल में 100 मी की गहराई तक पाये जाते है । उथला जल की जाति रात्रिचर मछलियाँ है और ये तलीय मछली और कवचप्राणियों को खाते हैं। गुजरात और महाराष्ट्र में मानसून महीनों में *सी. टालाबोनोईड्स* और *एम. सिनोरियस* पाये जाते हैं । भारत में रिकार्ड की गयी चार जाति और उनकी अधिकतम लंबाई इस प्रकार है । *कोनगेरसोक्स टालाबोन* 80 से मी *सी. टालाबोनोइड्स* 250 से मी, *मुरेनिसोक्स बगिया* और *एम 180 से मी सिनेरियस* 80 से मी ।

4. मेरेनिडेमोरिइस:

400 से मी तक बढने वाला सबसे बडा सर्पमीन *थसौडिए माक्रुरा* इसी कुटुम्ब का है । ये अधिकतः उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के उथला जल में रहते हैं । शैल -भित्त और चट्टानी क्षेत्रों में इनको प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं । ये रात में सक्रिय होते है और शैल भित्तीयों में देखे जानेवाले जीवियों, विशेषतः कवचप्राणियों को खाते है ।

रिकार्ड की गयी जाति और उनके अधिकतम आयाम इस प्रकार है । *थसौडिए माक्रूरा* 4000 से मी, *एकिड्ना नेबुलोसा* 80 से मी, ई *ज़ीब्रा* 150 से मी, *लाइकोडोन्टिस मेलेगारिस* 120 से मी और *सिडीरिया पिक्टा*-140 से मी।

5. ओफिकथिडेः स्नेक ईल और वेर्म ईल

इनको अधिकतः उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलक्षेत्र में पाये जाते है । ये अधिकतः नितलस्थ है और ज्वारनदमुख, उपतट क्षेत्र के आविल जल, लैगून अलवण जलक्षेत्र और खेतों में रहते है । ये छोटे छोटे अकशेरूकियों को खाकर जीते है ।

सीकुला टेरिजीराः

इस कुटुम्ब की चार जातियाँ हैं । *लाम्नोस्टोमा ओरियेन्टालिस* और *नीनचेलिस बिटोडिज्कि* जो 30 से मी तक बढती है और अन्य दो जाति *सोडोनोफिस बोरोक* और *पी. कानक्रिवोरस* क्रमशः 100 से मी और 75 से मी तक बढती है ।

ऑफिडिडेः कस्क ईल, ब्रोटुलास

इसकी केवल एक जाति है *ब्रोटुला मल्टिबारबाटा*। बडी मछली 650 मी तक की गहराई में रहना पसन्द करती है तो छोटी मछलियाँ वेलापवर्ती होती है और साधारणतया प्रवाल भित्तियों में दिखायी पडती है । ये 50 से मी तक बढती है ।

मात्स्यिकी की वर्तमान स्थिति

पकडः

सर्पमीन के आकलित वार्षिक पकड 1976-95 के दौरान औसत 7277 टन के साथ 4309 से 12997 टन के बीच विविध थी । आनाय बनाने पर भी हाल के वर्षे में पकड कम थी । पाँच सालों की औसत पकड यह दिखाता है कि 1976-1980 में पकड अधिक (9832 टन) थी और 1981-84 और 1985-90 में क्रमशः कम होकर 1991-95 के दौरान कुछ बढती दिखायी ।

सभी समुद्रवर्ती राज्यों में सर्पमीनों का अवतरण होता है । लेकिन इसका 82% योगदान उत्तर-पश्चिम तट (गुजरात और महाराष्ट्र) से आता है। उत्तर-पूर्व तट का (आन्ध्रा और उडीसा) योगदान केवल 13% है ।

अवतरण डाटा यह स्पष्ट करता है कि सर्पमीन का प्रतिशत योगदान गुजरात में स्थिर रहता है और महाराष्ट्र में कम हो गया है । उडीसा और आन्ध्राप्रदेश में योगदान बढ गया है ।

मत्स्यन रीतियाँ

सर्पमीनों को अधीकतः (70% पकड) ट्राल जालों से पकडे जाते है । अयंत्रीकृत संभारों से 13% पकड प्राप्त होती है । प्रत्येक तट की मत्स्यन रीति भिन्न होती है ।

मत्स्यन तल और मौसम

काम्बे, वेरावल और कच में सर्पमीन उपलब्ध है। साल भर ये मिलते है और मई-सितंबर के दौरान उच्च पकड प्राप्त होती है ।

गहराईवार वितरण :

ये 16-20 और 52-60 मी तक की गहराई रेंच अधिक पसन्द करते हैं । गुजरात-महाराष्ट्र के मत्स्यन तलों में 55-90 मी की गहराई रेंच इसकेलिए अधिक उत्पादकीय रिपोर्ट की गयी है (बापट आदि, 1982)

आर्थिक महत्व

विश्व के कई भागों में सर्पमीन महत्वपूर्ण खाद्य माना जाता है । कई एशियाई देश इसके जीवंत उत्पादों केलिए अच्छा मूल्य दते है । यूरोप में इसका विपणन पाँच रीतियों में होते है- छोटे या किशोर सर्पमीन, आंगुलिक सर्पमीन, प्रग्रहित सर्पमीन, संवर्धित सर्पमीन और ताजे एवं संसाधीत सर्पमीन । टुकडा करके, स्टीक, धूमित, आदि रूप में इसका अधिक मूल्य मिलता है । पॉलिथीन पैकों में भेजे जानेवाले टुकडों का होंकोंग में अच्छी माँग है । पॉलिथीन बैगों में ऑक्सिजन और बर्फ भर कर जीवन्त सर्पमीनों को पैक करके भी निर्यात करते है जिसका होंकोंग के बाज़ारों में अच्छी माँग है । मत्स्य चटनी और हैम बनाने केलिए सर्पमीन के मांस का उपयोग करता है । केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान ने धूमित सर्पमीन टुकडे और धूमित और डिब्बाबन्द सर्पमीन टुकडो केलिए

प्रौद्योगिकी विकसित की है (वेंकटरामन और कन्डोरन 1970) ।

नेथरलैन्ड और जर्मनी में धूमित एवं जेलीड सर्पमीन विशिष्ट भोज्य है तो पूरब के लोग जीवंत मछली खूब पसन्द करते है । यूरोप और पूरब देशों में 1976 के दौरान 20,000-25,000 टन सर्पमीन का उत्पाद किया था ।

छोटे आयाम के सर्पमीनों को सुरा मत्स्यन में चारा के रूप में उपयोग करता है । रंगीन बिन्दियों और रेखायेंवाले सर्पमीनों को आलंकारिक मछलियों के रूप में जलजीवशाला में रखे जाते है ।

एशिया और यूरोप में इसकी कई जाति का संवर्धन किया जाता है । भारतीय सर्पमीन *ऐंगुल्ला बाइकोलर बाइकोलर* केलिए एक समुचित प्रौद्योगिकी सी एम एफ आर आइ द्वारा विकसित की गई है । इसके अलावा जीवन्त एल्वर संग्रहण और उनके परिवहन भी (दोरैराज आदि, 1980) यहाँ किया जाता है । जापान के सर्पमीनों को विपणन योग्य आयाम तक बढाने केलिए 12 महीने लगते है और यूरोपीय देशों के सर्पमीनों केलिए 14 महीने ।

उपलब्ध संपदाओं से अधिकतम संग्रहण केलिए उचित प्रबन्धन अनिवार्य है । जीवंत अवस्था में और उपभोक्ताओं के पसन्द के अनुसार उत्पादों का निर्माण किए जायें तो निर्यात की साध्यतायें ज़रूर बढेगी ।

874 केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान की समुद्री जलजीवशाला

केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान ने विषिजम अनुसंधान केन्द्र में एक समुद्री जलजीवशाला की स्थापना की है । यह तिरुवनन्तपुरम से 15 कि मी दक्षिण और कोवलम् टूरिस्ट केन्द्र से 2 कि मी की दूरी पर स्थित है । यहाँ प्रवालों को अपनी प्राकृतिक आवास में बहुत ही सुन्दर ढंग से सजाया है । रंगीन स्पंजों, प्रवालों, शुक्तियों, चिगटों, झींगों, महाचिंगटों, कर्कटों, नक्षत्र मछलियों और समुद्री ककडियों का प्रदर्शन जो प्राकृतिक वातावरण में किया गया है बहुत ही रोचक दृश्य है।

प्रदर्शन वस्तुएं

"डोक्स्टर श्रिंप" बहुत ही सुन्दर सुरंगा चिंगट है जो प्रवालों से प्रदूषणकारियों और मलिन पदार्थों को निकालते है और प्रवाल समूहों के स्वास्थ्य बनाये रखने में सहायता प्रदान करती है । छोटे *स्पंज, समुद्री - एनमोन्स* और *समुद्री फान्स* बहुत ही रोचक दृश्य है। नक्षत्र मछली तो मछली नहीं है एकिनोडेर्म्स वर्ग के होते है । छोटे ट्यूब जैसे पैरों से इसकी मन्द चलन एक अपूर्व दृश्य है । समुद्री ककडी और जलसाही भी ऐकिनोडेर्मस है।

विविध प्रकार के द्विकपाटियों और शम्बूक को यहाँ प्रदर्शन किए गए हैं । वाणिज्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण झींगे, महाचिंगट और कर्कट जलजीवशाला का और एक रोचक दृश्य है ।

जलजीवशाला में उपलब्ध विभिन्न प्रकार और वर्णों के आलंकारिक मछलियाँ आकर्षण का और एक केन्द्र है।

उष्णकटिबंधीय समुद्री जलजीवशाला मछलियों में सबसे आकर्षक *एनिमोनफिश* या क्लाडन फिश समुद्री-एनिमोन्स के साथ रहते है । क्लाडन मछली उनके अतिरिक्त खाद्य एनिमोन को खिलाते है । और एक प्रकार की मछली है *सर्जन फिश* जिसके पूँछ के दोनों तरफ तेज़ छुरी जैसे काँटे है । अधिकांश जीवियों में यह लपेटकर रखे है लेकिन उत्तेजित करने पर ये छुरियाँ उठा लेते है और अपनी रक्षा केलिए उपयोग करते है । शुकमछलियों को शुकों के समान भारी चोंच होते है । प्रवाल भित्तियों से छोटी जीवियों को पकडने केलिए इस चोंच का उपयोग करते है । स्क्विरल फिश (गिलहारी मछली) और एक फीका रंग की मछली है जिसमें श्वेत धारी है और पंखें पीले है ।

ट्रिग्गर मछलियाँ आकर्षक रंग के है । बोक्स फिश, और पफ्फर फिश यहाँ उपलब्ध अन्य मछलियाँ है । पोरकूपिनेफिश भी पफ्फर के समान की मछली है ।

शलभ मछली उसके रंग और तेज़ चलन के कारण शलभों से समानता रखती है । ऐंजल फिश और एक आकर्षक मछली है । लयनश्रिंप जलजीवशला का वन्य सौन्दर्य है । इसके प्रथम पृष्ठ पख के सभी काँटें अत्यन्त तेज़ और शक्त है । समुद्री घोडा एक विचित्र प्रकार। की मछली है । इसके सिर नीचे की तरफ कुछ टेढा

और शरीर और सिर एक साथ समकोणीय दिखता है । यह अभिलम्बि स्थिति में तैरती है । इसकी लंबी परिग्राही पूँछ समुद्री शैवाल और अन्य वस्तुओं को पकडने केलिए उपयोग करता है । मादा समुद्री घोडा नर जातियों में एक थैली में अंडे डालते है । प्रमुख प्रवाल भित्ति मछलियों में एक है मूरिश आइडल। इसका प्रोथ एक नली के समान है । पृष्ठ पख और गुद पख लंबे और पीछे की तरफ मोडे हुए है ।

प्रवाल भित्ति आवास जो अनेक रंगीन और आलंकारिक मछलियों के सुरक्षा स्थान है, बहुत ही कोमल और सक्रिय पारिस्थितिकी का है जिसका संरक्षण अनिवार्य है । इन आलंकारिक मछलियों के अव्यवस्थित विदोहन पारिस्थितिकी का नाश कर डालेगा और इस प्रवाल स्वर्ग को जरूर एक कब्रिस्थान बना देगा । आलंकारिक मछलियो के व्यापार में लगे उद्यमकर्ताओं को इसके विदोहन, और टैंको में अनुरक्षण केलिए आवश्यक वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ।

समुद्री आलंकारिक मछलियों के अलावा इस जलजीवशाला में *पिराना, मगर, सक्कर कैट, स्पिनी ईल, ओस्कार* और कोई कार्प और अलवणजल मछलियाँ पेर्लस्पोट और टिलापिया भी संरक्षित है ।

यह जलजीवशाला विद्यार्थियों और सन्दर्शकों को अर्न्तजलीय जीवनी के बारे में अध्ययन केलिए सुवर्ण अवसर प्रदान करता है ।

875 कन्याकुमारी में एक ऑलीव राइडली कच्छप का अवतरण और भारत में समुद्री कच्छपों की आकस्मिक पकड – एक टिप्पणी

एस. कृष्ण पिल्लै

सी एम एफ आर आइ का विषिंजम अनुसंधान केन्द्र, विषिंजम – 695 521

प्रस्तावना

भारतीय तटों में देखेजानेवाद्री कच्छपों की पाँच समुद्री जाति हैं *लेपिडोचेलिस ऑलिवेसिया* (ऑलीव राइडली कच्छप), *कीलोनिया मिडास* (हरा कच्छप), *डेर्मोचेलिस कोरियेसिया* (लेथर बैक कच्छप) *एरीटीमोचोलिस इम्ब्रिकाटा* (हॉक्सबिल कच्छप), *और करेट्टा करेट्टा* (लोंगार हेड कच्छप) । भारत में उडीसा और पश्चिम बंगाल में ऑलीव राइडली कच्छप और तमिलनाडु में मान्नार की खाडी और पाक खाडी में हरा कच्छप पकडी जाती थी। पर वर्ष 1980 के प्रारंभ में तमिलनाडु में और 1983 के प्रारंभ में उडीसा में कच्छप की पकड पर रोक लगा दिया और कच्छपों को खतरे में पडी हुई जाति घोषित की गयी । इसके बाद कच्छप मात्स्यिकी भारतीय तटों से प्रचालित विभिन्न संभारों के आकस्मिक पकड बन गयी और जीव वैज्ञानिकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया ।

कन्याकुमारी में पकडे गये कच्छप

कन्याकुमारी में 24-8-96 को प्रचालित एक गिलजाल में एक मादा ऑलीव राइडली कच्छप *लेपिडोचेलिस ऑलिवेसिया* पकडी गयी । इसकी कुल लंबाई 79 से मी थी ।

समुद्री कच्छपों की आकस्मिक पकड

आनाय और गिल जालों में समुद्री कच्छपों की आकस्मिक पकड आज की एक प्रमुख समस्या है । भारत के पाश्चिम तट मुम्बई, रत्नगिरी, माल्वन और पश्चिम बंगाल में इस आकस्मिक पकड के बारे में कई रिपोर्ट उपलब्ध है ।

चेन्नै, तोण्डि, मण्डपम, पाम्बन, रामेश्वरम और कन्याकुमारी के निकट कोलच्चल से भी इसकी पकड पर रिपोर्ट मिली है लेकिन केरल और आन्ध्रप्रदेश सें इस पर रिपोर्ट नहीं की गई है । अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार 1985-95 की अवधि में 335 समुद्री कच्छपों को आकस्मिक वश पकडा है ।

भारतीय समुद्री कच्छपों की पकड में 65% *ऑलीव राइडली* देखा गया । इसके बाद तमिल नाडु में एलुवारी आमै और *तोणी आमै* नाम से जाननेवाला लेथरबैक कच्छप *डेर्मोचेलिस कोरियेसिया* आता है । यह समुद्री कच्छपों में अत्यधिक विरल और बडे है ।

टूटिकोरिन में मान्नार की खाडी में पाये जानेवाला

समुद्री कच्छप है हरा कच्छप *कीलोनिया मिडास* । इसे तमिल में *पेरामै* कहते है । यह शाकभक्षी है और उच्चमूल्य के भी है । आकस्मिक पकड में 5% तक ये प्राप्त होते हैं । इसके मांस, तेल और कवच विभिन्न देशों में निर्यात किये करते थे । हॉक्सबिल कच्छप *एरिट्मोचेलिस इम्ब्रिकेटा* छोटे आयाम के है और भारतीय तटों में विरल भी है । पुन्नैकायल, मणपाड, टूटिकोरिन, कन्याकुमारी और शक्तिकुलंगरा क्षेत्रों में इसका मांस विषैला मानी जाती है । शरीर के आयाम की तुलना में बडा सिर लोंगार हेड कच्छप *करेट्टा करेट्टा* की विशेषता है । आकस्मिक पकडों में इसका योगदान 7.5% था ।

सांभारवार आकस्मिक पकड

रिपोर्ट की गई 40 आकस्मिक पकडों में समुद्री कच्छपों की 45% पकड आनायों के ज़रिए हुई थी और 20% गिल जालों के ज़रिए । महाराष्ट्र में कच्छपों की अधिकांश पकड (12.5%) डोलजालों के ज़रिए हुई थी। वडिश रज्जु और पोत संपाशों के ज़रिए क्रमशः 12.5% और 2.5% प्राप्त हुई थी । दो बार आकस्मिक वश प्राप्त कच्छपों को समुद्र में वापस छोडा था ।

अभी तक प्राप्त रिपोर्टें के अनुसार यह व्यक्त है कि कच्छपों की 52.5% पकड तमिलनाडु से, 40% महाराष्ट्र से और 7.5% पश्चिम बंगाल से प्राप्त हुई थी ।

लिंग

आकस्मिक पकड पर प्राप्त कुछ रिपोर्टों के अनुसार मादा और नर कच्छप क्रमशः 22.5 और 17.5% थे । 60% रिपोर्टों में लिंग की सूचना नहीं थी ।

876 गुजरात के कच खाडी की प्रशंख मात्स्यिकी पर टिप्पणी

सुजिता तोमस, जो के. किषकूडन, बी. वी. मक्काडिया

सी एम एफ आर आइ का वेरावल अनुसंधान केन्द्र

वेरावल

जामनगर जिले के कच खाडी में अतंराज्वारीय और शैलभित्ति आवास से पवित्र प्रशंख *जाकस पाइरम* बार *अक्यूटा* का वाणिज्यिक विदोहन किया जाता है । संग्रहण का प्रमुख केन्द्र ओखा, सालाया, अराम्डा, पोषित्रा आदि हैं ।

साधारणतया अंतराज्वारीय क्षेत्रों में, निम्नज्वार के समय हस्त चयन से इसका संग्रहण किया जाता है । आजकल स्त्रियाँ भी संग्रहण का काम करती है । वार्षिक प्रशंख उत्पादन 1975 से 1985 की अवधि में 1,114 और 20,899 के बीच में था। 1984-'85 में 20,899 प्रशंखों की उच्च उपलब्धि रिकार्ड की गयी थी । 1985 से लेकर प्रशंख उत्पादन में घटती होने लगी । उस समय की वार्षिक औसत प्रति संख्या केवल 3,362 थी ।

पकडे गये प्रशंखों को व्यास के अनुसार (बडे-10 से मी और अधिक, माध्यम 8-10, से मी, छोटे 6-8 से मी, निम्न आयास के और -क्षति पहुँची हुई) वर्गीकृत किया जाता है और आयाम के अनुसार एक नियत दाम पर मात्स्यिकी कार्यालय, गुजरात सरकार इन्हें खरीदते है। इसके बाद कॅलकत्ता में कार्यरत कुटीर उद्योगों को नीलाम पर देता है ।

यह उच्च मूल्य की संपदा है और निजी उद्यम कर्ता उच्च मूल्य पर इसे खरीदने केलिए भी तैयार है। लेकिन पिछले कुछ सालों का उत्पादन स्वभाव इसकेलिए अवसर नहीं देता है । वर्ष 1987 से देखी गयी घटती शायद अतिविदोहन से हुआ अवक्षय या सरकार द्वारा लगाये गये नाममात्र मूल्य का मछुआरों में हुई विरसता होगी। उत्पादन में हुई घटती का सही कारण जानने केलिए और इस क्षेत्र में प्रशंख मात्स्यिकी की संभाव्यता पर अध्ययन करने केलिए विस्तृत जाँच अनिवार्य है ।

877 वेरावल में अवतरण किये गये सूर्यमीन-*मोला मोला*- एक टिप्पणी

बी. मनोज कुमार, जो. के. किषकूडन, सुजिता तोमस और ए. पी. दिनेशबाबु

सी एम एफ आर आइ का वेरावल अनुसंधान केन्द्र, वेरावल

मोलिडे कटुम्ब की मछलियों को सागरीय सूर्यमीन कहते है । इनका स्थानीय नाम होता है 'ककिडा' । वेरावल के बिडिया मछली अवतरण केन्द्र में आनाय जालों के ज़रिए इनका अवतरण अक्सर होता है । ग्रीष्म के बाद के महीनों में इनका अवतरण अधिक होता है । गरम

महासागरीय क्षेत्रों में साधारणतया पाये जानेवाले और 200-300 मी गहराई में अवास करनेवाले होने पर भी बिडिया में इनको तटीय जलक्षेत्र से पकडा था । इनको अकेला या छोटे झुण्ड में पाये जाते है ।

अभी तक इस कुटुम्ब के तीन वंशों का पहचान किया गया है । ये हैः रानज़ानिया, मस्टुरस, और मोला. भारत के समुद्रों के सूर्यमीनों के बारे में कई रिपोर्ट 1953 से प्रकाशित किये जा चुके है ।

वेरावल में मार्च, 1997 में 25-50 मी की गहराई में प्रचालित आनाय जालों में चार नर सूर्यमीन, मोला मोला पकडे हुए थे । इनकी औसत लंबाई 940 मि मी और औसत भार 45 कि ग्रा था । शरीर बडे गोलाकृति के था; गुद और पृष्ठ पखें भी उसी आकृति के थे । पृष्ठ और पुच्छ पखों के पख पुट अविच्छिन्न थे । इसके समानीत और वृत्ताकार पुच्छ पख रानज़ानिया अंस पख में 11-12 पख अर, पृष्ठ पख में 14-20 और गुद में 14-80 पख अर था और गदा खंट में 12 अर थे ।

878 रामेश्वरम में मान्नार खाडी से पकडी गई भीमाकार मादा ऑक्टोपस

भारत के समुद्रों से यह भीमाकार ऑक्टोपस *(ऑक्टोपस डोफ्लेयिनी)* विरल मात्रा में पकडी जाती है। इसका कारण यह हो सकता है कि ये उत्तर पसफिक, उत्तर कलिफोरनिया और जापान तटों में बसनेवाले हैं। रामेश्वरम में 17 जनवरी, 1997 को इसी प्रकार के एक भीमाकार ऑक्टोपस की पकड के बारे में डॉ ए. पी. लिप्टन और के. जयबालन ने रिपोर्ट की थी ।

मुकुन्दरायर चत्रम के कुछ मछुए अक्तूबर 23, 1997 को बोट सेट गिल जालों का प्रचालन कर रहा था तो 18 मी गहराई से मान्नार खाडी में धनुष्कोटी से इस मादा ऑक्टोपस को पकडा था ।

इसकी कुल लंबाई 150 से मी और पृष्ठ प्रावर लंबाई 52 से मी थी । इसके अभिलक्षणिक छोटे भुज (IV भुज) की लंबाई 60 से मी थी जबकि अन्य पाँच भुजों की लंबाई 98 से मी थी । पहला और दूसरा भुज परभक्षियों द्वारा काट गयी थी। इसका भार 19 कि ग्रा था ।

इसको 5700/-रु. पर नीलाम कर दिया और ए. एस. एफ कंपनी, तिरुवनन्तपुरम, केरल ने इसे खरीद कर विदेश में निर्यात किया ।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम के ए. सी. सी. विक्टर और जयबालन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

879 पाम्बन में तिमि सुरा *रिकोडोन टाइपस का अवतरण*

पाम्बन में 17-4-98 को 9.2 मी कुल लंबाई के एक तिमि सुरा *रिकोडोन टाइपस* का अवतरण हुआ था। मान्नार खाडी में 30 मी गहराई में प्रचालित परु वलै नाम से जाननेवाला तलीय गिल जाल के ज़रिए पकडे गये इस तिमी का भार 1.5 टन था । जिगर और पखों को निकालकर इसे गाड़ दिया ।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम कैम्प के वी. सेतुरामन की रिपोर्ट ।

880 काकिनाडा में बाइकलकर शुकमीन *सीटोस्कारस बाइकलर*

काकिनाडा पोताश्रय में 16-3-'98 को प्राप्त आनाय पकड में स्कारिडे कुटुम्ब की बाइकलर शुकमीन नाम से जाननेवाला *सीटोस्कारस बाइकलर* की एक नमूना प्राप्त हुई । इसकी लंबाई 48.8 से मी थी । काकिनाडा में 35 मी की गहराई में प्रचालित एक आनाय एकक द्वारा यह पकडा गया था । इसका कुछ शारीरिक मापन नीचे दिया जाता है ।

कुल लंबाई	:	488 मि मी
मानक लंबाई	:	387 "
सिर की लंबाई	:	122 "
प्रोथ अंस पख आधार तक	:	106 "
पृष्ठ पख की लंबाई	:	209 "
श्रोणी पख की लंबाई	:	64 "
गुद पख की लंबाई	:	85 "
पृष्ठ पख की लंबाई	:	× + 10
गुद	:	II + 9
अंस	:	I + 13
श्रोणि	:	I + 5

सी एम एफ आर आइ के काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा के एन बुरय्या की रिपोर्ट

882 टूटिकोरिन में होलोथूरियन *होलोथूरिया स्काब्रा* के जीगर में रन्ध्रपद (गास्ट्रोपोड) परभक्षि की उपस्थिति

एकिनोडेर्मस मन्द गमन करनेवाले होने के कारण दूषणकारी और परभक्षियों के आक्रमण के पात्र बन जाते है । शरीर भित्ति में टोक्सिन्स होने के कारण ये इन आक्रमणों से कुछ हद तक बचे रहते है । स्ट्रोईड्स और एकिनाइड्स के जैसे, शरीर दृढ होते वक्त होने वाले वृंत संदशिका (Pincers) इनके शरीर के उपरितल से अनावश्यक जीवियों को निकालते है । फिर भी एकिनोडेर्मस में परभक्षियों की उपस्थिति विरल मात्रा में होती है ।

हैचरी केलिए ब्रूड स्टॉक संग्रहण करने के अवसरों में कभी-कभी *पिटिका* युक्त *होलोथूरिया स्काब्रा* दिखाये पडते है । एसी नमूनों के शरीर भित्ति काटकर खुलने पर त्वचा की गहराई में एक रन्ध्रपद को देखा । रन्ध्रपद परभक्षी की उपस्थिति कवचाग्र से मालूम पडता है जो कुछ बाहर निकला हुआ दीख पडता है । स्पर्श करने पर यह गाल में वापस हट जाते है । पिछले 35 सालों में हज़ारों *एच. स्काब्रा* का निरीक्षण किया था । पिटिकायुक्त *एच. स्काब्रा* की संख्या बहुत कम थी । साधारणतया *एच. स्काब्रा* की त्वचा की स्थूलता 5-10 मि मी होती है। पिटिका की उपस्थिति त्वचा को और स्थूल बना देती है ।

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र, टूटिकोरिन के डी.बी. जेम्स की रिपोर्ट ।

883 मंडपम से पकडा गया सूर्यमीन *रानज़ानिया लिविस* (पेन्नट)

मंडपम के निकट पाक खाडी में 5.3.98 को एक तट संपाश में 660 मि मी की लंबाई के एक सूर्यमीन *रानज़ानिया लिविस* प्राप्त हुआ । ताज़े स्थिति में ऊपरीतल का रंग गहरा नीला और अधोभाग फीके श्वेत था। प्रोथ से क्लोम छिद्र तक फीके रंग के छह धारियाँ थी जो नीचे की ओर मोडकर अधर प्रोफाइल तक जाती है। तीन पश्च धारियाँ गहरी बिन्दियों से शाखित थी। अधरें आगे की ओर चुके हुये और दाँतों को ओढने वाले थे।

यह नमूना 8.2 कि ग्रा भार की मादा मछली थी। मडंपम क्षेत्रीय केन्द्र संग्रहालय में इसे रखा है । इसके शारीरिक मापन मि मी में निम्न प्रकार है ।

कुल लंबाई	–	660
शरीर का घेर	–	330
सिर की लंबाई	–	240
पृष्ठ पख की लंबाई	–	170
अधर पख की लंबाई	–	105
प्रोथ से अंस पख तक	–	250
प्रोथ से पृष्ठ पख तक	–	560
प्रोथ से श्रोणि पख मूल तक	–	510
प्रोथ से गुद द्वार तक	–	400
अंस पख का आधार	–	40
श्रोणि पख का आधार	–	58
पुच्छ पख भाग में शरीर की लंबाई	–	240
पुच्छ पख की लंबाई	–	65
मूँह द्वार की लंबाई (रेखाछिद्र)	–	45
प्रोथ की लंबाई	–	100
आँख का व्यास	–	35
भार	–	8.2 कि ग्रा
लिंग	–	मादा

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम के डी. कन्तस्वामि और एन. राममूर्ति की रिपोर्ट ।

GUIDE TO CONTRIBUTORS

The articles intended for publication in the MFIS should be based on actual research findings on long-term or short term projects of the CMFRI and should be in a language comprehensible to the layman. Elaborate perspectives, material and methods, taxonomy, keys to species and general, statistical methods and models, elaborate tables, references and such being only useful to specialists, are to be avoided. Field keys that may be of help to fishermen or industry are aceptable. Self-speaking photographs may be profusely included, but histograms should be carefully selected for easy understanding to the non-technical eye. The writeup should not be in the format of a scientific paper. Unlike in journals, suggestions and advices based on tested research results intended for fishing industry, fishery managers and planners can be given in definitive terms. Whereas only cost benefit ratios and indices worked out based on observed costs and values are acceptable in journal, the observed costs and values, inspite of their transitionality, are more appropriate for MFIS. Any article intended for MFIS should not exceed 15 pages typed in double space on foolscap paper.

Edited by Dr. K.J. Mathew, Ms. T.S. Namoi, Ms. P.J. Sheela and Ms. E. Sasikala. Published by Dr. K.J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P.B. No. 1603, Tatapuram P.O., Cochin - 682 014, Kerala, India, Printed at Cherrys Printers, Cochin - 682 017.

AQUA 2000

"Reponsible Aquaculture In the New Millennium"

Internationl Aquaculture Conference & Exposition

THE JOINT MEETING OF THE EUROPEAN AQUACULTURE SOCIETY & THE WORLD AQUACULTURE SOCIETY IN THE YEAR 2000

INCLUDING

WORLD AQUACULTURE 2000 & AQUACULTURE EUROPE 2000

THE ANNUAL MEETINGS OF THE

EUROPEAN AQUACULTURE SOCIETY & THE

WORLD AQUACULTURE SOCIETY

May 2 - 6, 2000

ACROPOLIS CONVENTION CENTRE

NICE, FRANCE

The city of Nice of the Mediterranean coast of France will host AQUA 2000. AQUA 2000 will be the joint meeting of the World Aquaculture Society & the European Aquaculture Society in the year 2000. AQUA 2000 will include the active participation of other aquaculture organizations and attendees from around the world.

The final plans for AQUA 2000 include a complete conference covering the full range of aquaculture species and topics and an exposition showing the latest in technology and services for the aquaculture industry. A feature of AQUA 2000 will be thematic sessions throughout the conference devoted to the central thrust of the meeting - "Responsible Aquaculture In The New Millennium". These sessions will begin with a plenary assembly at the beginning of the conference and continue with review papers given by distinguished speakers during the other three mornings. In the afternoons the thematic sessions will continue, this time breaking out specific topics derived from the morning review papers. These thematic sessions will provide an opportunity for the aquaculture industry to review the status of all aspects of global aquaculture in the year 2000 and to suggest what needs to be done to ensure further responsible expansion of aquaculture production in the new millennium. In addition to the thematic sessions, 7-8 other concurrent sessions will cover the full spectrum of technical topics and species, as is normal in WAS and EAS annual meetings.

An international aquaculture exposition will be held during the first 3 days of the conference featuring aquaculture products and services from around the world. The exposition will be integrated into the conference session layout and will be a tremendous opportunity for exhibiting companies to reach an international audience of buyers.

A full schedule of post-conference technical visits is being arranged by IFREMER and the variety will provide a most interesting opportunity for attendees. Potential venues for aquaculture tours include Montpelier and Corsica in France and Sardinia and Venice in Italy. Being located on the French Riviera, Nice also offers a base from which to explore many wonderful tourist sights throughout Europe.

For further informartion :

USA - John Cooksey; Tel : + 1-425-485-6682; Fax : + 1-425-483-6319; E-mail : worldaqua@aol.com
Europe - Hilde Joncheere; Tel: +32-59-32-38-59; Fax: +32-59-32-10-05; E-mail : eas@unicall.be